बरसाने से आवे सगाई तेरी

चोरी माखन की दे छोड़ सांवरे मैं समझा रही तोये,
मैं समझा रही तोये कन्हैया मैं समझा रही तोये,
चोरी माखन की दे छोड़ सांवरे....

9 लख गैया नंद बाबा के नित नए माखन होये,
माखन की कोई कमी नहीं है जितना खाना होये,
चोरी माखन की दे छोड़ सांवरे....

घर घर जाकर ग्वाल बाल संग माखन चोरी होये,
यशोदा मां को बड़े घरानों उनकी हंसी करे सब कोये,
चोरी माखन की दे छोड़ सांवरे....

बरसाने से तेरी आवे सगाई घर-घर चर्चा होये,
बड़े घरन की राजदुलारी नाम धरेगी तोये,
चोरी माखन की दे छोड़ सांवरे....

जा दिन पकड़ो जाए कन्हैया तेरा रस्सी बंधनों होये,
काऊ ग्वालन के हाथ पड़ेगो तेरी कमर तुड़ामें सब कोये,
चोरी माखन की दे छोड़ सांवरे....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26254/title/barsaane-se-aave-sagayi-teri

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |